बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी

आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 2020–21

कक्षा–बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.ए./बी.एस.सी.गृहविज्ञान–प्रथम वर्ष

विषय–आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी भाषा) **प्रथम–प्रश्न पत्र**

समय :– डेढ़ घंटा

नोट :– किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1 (क) निम्नलिखित में से किसी दो का पल्लवन कीजिए।

(i) संगठन में शक्ति है।
(i) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।
(iii) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

अथवा

अनुवाद की परिभाषा लिखते हुए एक अच्छे अनुवादक की विशेषता बताईये।

(ख) 'ईदगाह' कहानी के उद्देश्य की विवेचना कीजिए।

अथवा

हामिद के चरित्र की विशेषताऍं बताईये।

प्रश्न 2 (क) मुहावरे एवं लोकोक्ति की विशेषताऍं लिखिए तथा उनके उदाहरण दीजिए।

अथवा

(i) 'अतिथी' का शुद्ध रूप लिखिए।
(i) सरिता शब्द का दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(iii) समश्रुत शब्द 'शस्त्र' एवं 'अस्त्र' का अर्थ लिखिए।
(iv) 'झोपड़ी' शब्द का विलोमार्थी शब्द लिखिए।
(v) ''उसका पैर गरम आग पर पड़ गया''–इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए।
(vi) ''उसकी ऑख से ऑसू बहने लगा''–इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए।
(vii) 'अमृत' शब्द के दो अर्थ लिखिए।
(viii) समश्रुत शब्द 'अंश' और अंस का अर्थ लिखिए।

(ख) 'भारत वंदना' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।

अथवा

'भारत वंदना' कविता में कवि भारत माता की शोभा का वर्णन किन उपादानों के व्दारा करता है ?

प्रश्न 3 (क) देवनागरी लिपि की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

संक्षेपण लिखते समय किन–किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ?

(ख) 'भोलाराम का जीव' में भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था पर व्यंग्य की विवेचना कीजिये।

अथवा

'भोलाराम का जीव' का सारांश लिखिए।

प्रश्न 4 (क) ''कम्प्यूटर और भाषा के बीच द्विपक्षीय और द्विभावात्मक संबंध है। ''इस कथन की व्याख्या कीजिए।

अथवा

कम्प्यूटर में हिन्दी के प्रयोग का वर्णन कीजिए।

(ख) 'शिकागो से स्वामी विवेकानंद का पत्र' पाठ का सारांश लिखिए।

अथवा

भारत में शिक्षा प्रसार के लिए स्वामी विवेकानंद क्या उपाय सुझाते है।

प्रश्न 5 (क) मानक एवं अमानक भाषा क्या है ? उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

मानक हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) सामाजिक गतिशीलता को समझाते हुए प्राचीन काल पर प्रकाश डालिए।

अथवा

सामाजिक गतिशीलता से क्या तात्पर्य है ? विस्तार से समझाइये।

—0—